आईआईएम के 12वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए एनएसई के सीईओ आशीष चौहान ने कहा-

ग्रेटफुल रहें, रिस्पांसिबल बनें, खुद से सवाल करते रहें और सीखना कभी भी बंद न करें

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

आईआईएम का 12वां दीक्षांत समारोह सोमवार को हुआ। समारोह में 273 डिग्री के साथ 7 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। इसमें 17 स्टूडेंट्स एक्सचेंज ग्रेजुएट, 233 पीजीपी ग्रेजुएट, 21 पीजीपीएमडब्ल्यूई, 172 ईपीजीपी और 2 स्टूडेंट एक्जीक्यूटिव फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के शामिल थे। दीक्षांत समारोह में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान, बोर्ड ऑफ गवर्नर के अध्यक्ष श्यामला गोपीनाथ, डायरेक्टर प्रो. राम कुमार काकानी मौजूद थे। इस दौरान आशीष कुमार चौहान ने कहा कि इंडिया के लोग ट्रेडिशनल नॉलेज को नए जनरेशन को ट्रांसफर कर रहे हैं। स्टूडेंट्स को मॉडर्न और ट्रेडिशनल नॉलेज को समझना और सीखना चाहिए। देश प्रोफेशनली क्वालिफाइड लोगों से ही डेवलप होगा। लिमिटेड रिसोर्स में भी अपॉरच्युनिटी ढूंढ लेने वाला इंसान बनना चाहिए।

ये हैं वो प्रिंसिपल्स जिन्हें आप भी अपनाएं

- **ग्रेटफुल रहो:** अपने टीचर्स, फैमिली, दोस्तों को हमेशा धन्यवाद दें, क्योंकि उनके वजह से ही आप इस जगह पहुंचे हैं।
- **रिस्पांसिबल:** अपने काम और परिवार के प्रति रिस्पांसिबल रहें।
- **क्यूरियस रहें:** खुद से सवाल पूछें, नई चीजों के बारे में जानते रहें, नॉलेज की भूख होनी चाहिए, कभी भी सीखना बंद न करें।
- **करेजियस:** फैलियर या लाइफ से डरना नहीं है, उसे एक लेशन की तरह लेकर आगे बढ़ें।
- **सिंसियर रहें:** अपने काम के प्रति सिंसियर रहें, ईमानदारी से काम करें।
- **हंबल:** जो कर रहे हैं, अच्छे से करें। अपने से छोटे और बड़ों से भी हंबल रहें।
- **एथिकल पेशेंस:** कोई भी कार्य करें, उसके लिए पेशेंस रखें।
- **वैल्यू ऐड व फ्लेक्सिबल:** खुद को डेवलप करने के लिए वेल्यू एड करते रहें। नई चींजे आ रही हैं, उसे अपनाते रहे और सीखते रहें।
- **प्रोडक्टिव रहें:** लाइफ में हमेशा प्रोडक्टिव रहें और रिएक्टिव कम रहें, इससे आपकी ग्रोथ होगी।

इन्हें मिला गोल्ड: पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में अदिति जोशी को बोर्ड ऑफ गवर्नर चेयरपर्सन गोल्ड मेडल, करमबेल्कर श्वेता राहुल को डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल, आयुष कुमार को पीजीपी चेयरपर्सन गोल्ड और हर्षित जैन को बेस्ट ओंवरऑल परफॉर्मेंस गोल्ड दिया गया। वहीं एक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए शिवेश कुमार को बोर्ड ऑफ गवर्नर चेयरपर्सन गोल्ड मेडल, रिचा कुमारी को डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल, अद्वित्या पाटनी को पीजीपी चेयरपर्सन गोल्ड मेडल दिया गया।

Dainik Bhaskar, 25th April, 2023, P.02(City Bhaskar)